
## वायु प्रदूषण को लेकर एनजीटी ने अहम आदेश पारित किया

# लकड़ी की बजाय इलेक्ट्रिक/PNG वाले श्मशान बनें : NGT

Prachi.Yadav@timesgroup.com



■ **नई दिल्ली :** रिहायशी इलाकों में स्थित श्मशान गृहों में लकड़ी आधारित दाह संस्कारों से वहां की वायु पर जो दुष्प्रभाव पड़ता है, उसके मद्देनजर नैशनल ग्रीन ट्राइब्यूनल (एनजीटी) ने एक अहम आदेश दिया है। ट्रिब्यूनल ने दिल्ली, यूपी समेत सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे शवदाह गृहों में लकड़ी आधारित क्रियाकर्म की बजाय इलेक्ट्रिक/पीएनजी के जरिए दाह संस्कार का विकल्प देने पर गंभीरता से काम करें।

ट्रिब्यूनल ने पर्यावरण हित के साथ क्रियाकर्म से जुड़ी धार्मिक मान्यताओं का भी पूरा खयाल रखा। साफ किया कि प्राधिकरण का इरादा किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का नहीं है। एनजीटी अध्यक्ष जस्टिस आदर्श कुमार गोयल की बेंच ने कहा कि वह जानते हैं कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, आग के जरिए दाह संस्कार के तरीके को पवित्र माना गया है। हालांकि, आज वायु प्रदूषण की जो स्थिति है और लकड़ी आधारित दाह संस्कार से इस पर जो असर पड़ रहा है, उसे देखते हुए, जरूरी है कि लोगों को पर्यावरण के अनुकूल उपायों को अपनाने के लिए शिक्षित और प्रेरित किया जाए।

एनजीटी ने इस मुद्दे पर पिछले साल 25 मई को ही सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए निर्देश जारी किए थे। तब कोरोना के प्रकोप के चलते हर जगह शवों के ढेर लग रहे थे और उनके निपटारे का मुद्दा प्रशासन और पर्यावरण, दोनों के लिए गंभीर चुनौती पैदा कर रहा था। उस दौरान एनजीटी ने देशभर की राज्य और केंद्र शासित प्रदेश सरकारों को आदेश दिया था कि वे दाह संस्कार से प्रदूषण को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाएं। इसके लिए गैस जैसे विकल्पों का इस्तेमाल करें और लोगों को भी दाह संस्कार के लिए पर्यावरण अनुकूल उपायों को अपनाने के लिए सजग और प्रोत्साहित करें। उसी आदेश का जिक्र करते हुए ट्राइब्यूनल ने अब निर्देश दिया है कि शुरुआत के लिए लकड़ी आधारित क्रीमेटोरियम की बजाए इलेक्ट्रिक/पीएनजी क्रीमेटोरियम को एक विकल्प के तौर पर स्थापित किया जा सकता है।

### अधिकारियों की निष्क्रियता से नाखुश एनजीटी

गाजियाबाद, इंदिरापुरम इलाके से जुड़े जिस मामले में यह आदेश पारित किया गया, वहां के संबंध में जो रिपोर्ट मिली, उसे देखकर ट्राइब्यूनल ने कहा कि इससे जाहिर है कि गंभीरता से कोशिशें नहीं हुईं। एनजीटी ने संबंधित प्राधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लकड़ी आधारित दाह संस्कार घाटों के साथ इलेक्ट्रिक/पीएनजी शवदाह गृहों की व्यवहार्यता का पता लगाएं, जो पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ लोगों के लिए मददगार भी हों, जिनके लिए लकड़ी आधारित दाह संस्कार का खर्च उठाना मुश्किल होता है। ट्राइब्यूनल ने कहा, संबंधित सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारी विचार करेंगे।

### एक डिवेलपर की ओर से दी गई थी याचिका

एक डिवेलपर ने एनजीटी में याचिका दाखिल कर इंदिरापुरम के शक्ति खंड 4 में संचालित श्मशान में दाह संस्कार के दौरान धुएं और धूल के कारण वायु प्रदूषण से बचाने की गुहार लगाई। ट्राइब्यूनल ने अपनी बनाई संयुक्त समिति की रिपोर्ट देखने के बाद कहा कि इलाका घनी आबादी वाला है और दाह संस्कार के दौरान वहां वायु प्रदूषण होता है।

## कॉल आया तो डीयू स्टूडेंट ने फांसी लगाकर दी जान

■ **विशेष संवाददाता, नई दिल्ली :** नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के हर्ष विहार इलाके में डीयू की छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका गीता (23) के पास से पुलिस को कोई स्यूसाइड नोट नहीं मिला। शुरुआती जांच में पुलिस को पता चला कि आत्महत्या करने से ठीक पहले गीता के फोन पर कॉल आई थी। पुलिस ने फोन कब्जे में ले लिया है और परिजनों से भी पूछताछ कर रही है। पुलिस सभी एंगल से छानबीन कर रही है।

**हर्ष विहार थाना पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी, कॉलर का लगा रही है पता**

गीता परिवार के साथ हर्ष विहार के सबोली की गली नंबर-4 में रहती थी। फैमिली में पिता राम दयाल, मां राजाबाई और दो बड़ी शादीशुदा बहनें हैं। गीता डीयू के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग से बीकॉम फर्स्ट ईयर की स्टूडेंट थी। परिजनों ने गीता को गुरुवार सुबह पंखे लटका देखा तो शोर मचा दिया। पड़ोसियों की मदद से फंदे से उतारकर नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

पुलिस को छानबीन के दौरान मृतका के पास से कोई स्यूसाइड नोट नहीं मिला। परिजनों ने बताया है कि आत्महत्या से कुछ देर पहले गीता के फोन पर किसी का कॉल आया था। इसके बाद से वह काफी परेशान हो गई थी। पुलिस कॉलर का पता लगा रही है।

## SDMC ने कहा, RFID टोल के चलते दिल्ली-गुड़गांव एक्सप्रेसवे पर जाम नहीं

■ **प्रमुख संवाददाता, नई दिल्ली**



**पिछले कुछ** दिनों से रजोकरी टोल पर लंबे ट्रैफिक जाम से परेशानी के बाद आरोप एमसीडी पर लग रहे हैं। इस पर साउथ एमसीडी ने गुरुवार को सफाई दी और कहा कि जाम आरएफआईडी टोल के चलते नहीं लग रहा है, बल्कि एनएचएआई के रोड निर्माण प्रोजेक्ट के चलते दिल्ली-गुड़गांव एक्सप्रेसवे पर रजोकरी टोल प्लाजा के पास जाम लग रहा है।

साउथ एमसीडी अफसरों के अनुसार, दिल्ली में जितने भी एंट्री टोल हैं, वहां जाम से निजात के लिए ही आरएफआईडी टोल बैरियर लगाए गए हैं। 13 ऐसे बड़े टोल हैं, जहां आरएफआईडी टोल बैरियर लगे हैं। कमर्शल गाड़ियों की एंट्री इन टोल प्लाजा पर बिना किसी रोक-टोक के होती है। 111 छोटे टोल एंट्री पॉइंटस हैं, जहां हैंड हेल्ड आरएफआईडी डिवाइस से कमर्शल गाड़ियों की एंट्री होती है। लेकिन, इससे कहीं भी जाम की समस्या नहीं है।

पिछले कुछ दिनों से दिल्ली-गुड़गांव एक्सप्रेसवे पर रजोकरी टोल के पास भयंकर जाम की समस्या है। आरोप है कि एमसीडी के टोल के चलते जाम लगा रहा है। इसपर एमसीडी ने सफाई दी है। अफसरों का कहना है कि रजोकरी बॉर्डर से वसंत विहार फ्लाइओवर (एयरपोर्ट टर्मिनल-3 की ओर जाने वाला लेफ्ट कट) के बीच अधिक ट्रैफिक लोड के चलते जाम की समस्या है। पहले द्वारका से आने वाला ट्रैफिक चारदीवारी के साथ बनी सर्विस लेन से निकल जाता था। लेकिन, अब एनएचएआई एयरपोर्ट की चारदीवारी के साथ बनी सर्विस लेन में निर्माण कार्य कर रही है। जिसके चलते द्वारका से आने वाला ट्रैफिक सर्विस लेन से न आकर मेन रोड से आ रहा है और जाम लग रहा है।

## मरीज ने डॉक्टर पर कैंची से किया हमला

■ **विस, नई दिल्ली :** तिलक नगर के सेंट्रल हॉस्पिटल में नशे की लत और अन्य बीमारी की वजह से भर्ती एक मरीज ने डॉक्टर पर कैंची से हमला कर दिया। वह अकेले घर जाने की जिद कर रहा था। डॉक्टर को मामूली खरोंच लगी। मामले में पुलिस कॉल की गई थी। लेकिन, मौके पर पहुंची पुलिस को डॉक्टर ने मरीज के खिलाफ कोई भी लिखित शिकायत देने से मना कर दिया।

**तिलक नगर के सेंट्रल हॉस्पिटल की घटना, नशे का लती मरीज अकेले घर जाने की जिद पर अड़ा था**

वेस्ट दिल्ली के अडिशनल डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया कि घटना शुक्रवार सुबह की है, जब तिलक नगर के सेंट्रल हॉस्पिटल से पुलिस को कॉल कर बताया गया कि एक मरीज ने आईसीयू में एक डॉक्टर को कैंची मार दी है। जांच के दौरान पता लगा कि विकासपुरी के रहने वाले 40 साल के मरीज को अस्पताल में 13 अप्रैल को दाखिल कराया गया था। उसे नशे की लत है और कभी-कभी दौरे भी पड़ते हैं।

इनका इलाज करने डॉक्टर विपिन झा आए। मरीज अकेले घर जाने की जिद करने लगा। वह अस्पताल में इलाज नहीं कराना चाहता था। डॉक्टर ने मरीज को समझाने की कोशिश की, लेकिन वह गुस्से में आ गया और कैंची से डॉक्टर के ऊपर हमला कर दिया। डॉक्टर ने पीछे हटते हुए कैंची के वार को बचाया। लेकिन इस दौरान उनके हाथ पर मामूली खरोंच आ ही गई। बाद में डॉक्टर ने पुलिस से मरीज के खिलाफ कोई भी शिकायत देने से मना कर दिया। पुलिस वापस आ गई।

## 'जहां फेरी लगाते हैं, रातभर वहीं नहीं रख सकते अपना सामान'

Rajesh.Choudhary@timesgroup.com

■ **नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि फेरीवाले को इस बात की इजाजत नहीं दी जा सकती है कि जहां वह फेरी लगाता है, वहां समान भी रखे। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश से सहमति जताते हुए कहा कि याचिकाकर्ता फेरीवाले को इस बात का अधिकार नहीं है कि वह जहां फेरी लगाता है, वहां समान भी रखे।

**SC ने हाई कोर्ट के आदेश से जताई सहमति, हॉकर की याचिका खारिज**


सरोजिनी नगर इलाके में फेरी लगाने वाले एक शख्स ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हॉकिंग नीति के तहत बाजार में फेरी लगाने वाले को फेरी लगाने की इजाजत है, लेकिन उस नीति के खिलाफ नहीं। फेरीवाले को इस बात का अधिकार नहीं है कि वह जहां फेरी लगाता है, रातभर वहां सामान भी रखे। फेरीवाले को हॉकिंग नीति के तहत ही फेरी लगाने का अधिकार है, उसके इतर नहीं। 12 जनवरी को दिल्ली हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता फेरीवाले को राहत देने से इनकार कर दिया था। उसने इस बात की इजाजत मांगी थी कि जहां वह फेरी लगाता है, रातभर वहां समान भी रखने की इजाजत दी जाए।

## पुलिस का दावा, 8 लाख की 'लूट' फर्जी

Shanker.Singh@timesgroup.com

■ **नई दिल्ली:** शाहदरा जिले के फर्श बाजार थाने में दर्ज 8 लाख रुपये की लूट का मामला दिल्ली पुलिस के गले की हड्डी बन गया है। इसी केस में क्राइम ब्रांच के एक इंस्पेक्टर समेत चार पुलिसकर्मी लाइन हाजिर हो चुके हैं। इन सभी के खिलाफ विभागीय जांच चल रही है। दूसरी तरफ, शाहदरा जिले के आला अफसरों कहना है कि जांच के बाद 8 लाख रुपये की लूट की कॉल साजिश के तहत की गई थी। इसलिए पुलिस शिकायत करने वाले खिलाफ ही झूठा बयान देने का केस दर्ज करवाने के लिए अदालत जा रही है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि लूट की शिकायत देने वाला और क्राइम ब्रांच का मुखबिर दोनों प्रॉपर्टी का काम करते हैं। इन दोनों के बीच लेन-देन का विवाद था। मुखबिर ने कारोबारी को 10 अप्रैल को दोपहर में हेडगेवार अस्पताल के पास नाले की पुलिया पर बुलाया। कारोबारी ने पहुंचकर मुखबिर को कॉल किया तो उसने थोड़ा इंतजार करने को कहा था। दोपहर करीब 3:15 बजे वहां एक सफेद कार से चार लोग उतरे। कारोबारी का दावा था कि इन चारों ने कनपटी पर पिस्टल लगाई। चाबी छीनकर स्कूटर की डिग्गी से आठ लाख रुपये और हाथ से दो फोन ले उड़े।



### पुलिस जाएगी अदालत

- शाहदरा जिले के फर्श बाजार थाने में दर्ज 8 लाख रुपये की लूट का मामला पुलिस के लिए बना गले की हड्डी
- आला अफसरों कहना है कि जांच के बाद लूट की कॉल साजिश के तहत की गई थी
- अफसरों ने बताया कि लूट नहीं हुई है। कारोबारी ने गलत बयान दिया है, उसके खिलाफ केस करवाने पुलिस अदालत जाएगी

कारोबारी ने बयान में कहा कि वो मुखबिर को तीन साल से जानता था, जो प्रिंटिंग प्रेस की मशीनों की खरीद-फरोख्त भी करता था। प्रिंटिंग मशीन खरीदने के लिए ही वो रकम लेकर आए थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो कार दिख गई। पहली नजर में मामला लूट का ही लगा। फर्श बाजार थाने में केस दर्ज कर लिया। कारोबारी का दावा था कि रकम का पता सिर्फ मुखबिर को था। लिहाजा पुलिस ने उसे सबसे पहले पूछताछ के लिए बुलाया तो उसने बताया कि कारोबारी से पांच लाख रुपये लेने थे। इसकी तलाशी क्राइम ब्रांच की टीम ने ली थी, जिसे उसने ड्रग्स की टिप दी थी।

क्राइम ब्रांच की टीम का नाम सामने आते ही शाहदरा जिला के अफसरों ने तुरंत आला अफसरों से संपर्क किया। कोतवाली स्थित क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर, एसआई, एएसआई और एक हवलदार की भूमिका की जानकारी दी। इन चारों को बुधवार को लाइन हाजिर कर दिया गया।

क्राइम ब्रांच के अफसरों ने बताया कि विभागीय जांच चल रही है, जिसमें इनकी भूमिका की जांच की जा रही है। शाहदरा जिला के अफसरों ने बताया कि जांच में सामने आया कि लूट नहीं हुई है। कारोबारी ने गलत बयान दिया है, इसलिए उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाने के लिए पुलिस अदालत जाएगी।

## फ्लाइट में फोन की बैटरी से निकला धुआं और चिंगारी

■ **विस, नई दिल्ली :** असम के डिब्रूगढ़ से दिल्ली आ रही इंडिगो की फ्लाइट में एक यात्री के मोबाइल फोन की बैटरी से धुआं निकलने लगा। मोबाइल बहुत ज्यादा गर्म हो गया था। इसमें धुएं के साथ-साथ चिंगारी भी निकलने लगी। समय रहते फ्लाइट के क्रू मेंबर ने मोबाइल फोन में लगी आग को बुझा दिया। फ्लाइट सुरक्षित दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड कर गई।

इंडिगो ने बताया कि गुरुवार दोपहर बाद जब डिब्रूगढ़ से दिल्ली आ रही थी, तभी एक यात्री के मोबाइल की बैटरी बहुत अधिक गर्म हो गई। क्रू मेंबर ने तुरंत इस पर काबू पाया। इंडिगो ने बताया कि घटना में किसी भी यात्री और इनके सामान को नुकसान नहीं पहुंचा है। बताया जाता है कि मोबाइल से धुआं निकलने से यात्री घबरा गए थे। जब फ्लाइट ने दिल्ली एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंड किया, तब जाकर सभी सामान्य हो पाए। फ्लाइट को अपनी बारी से पहले प्राथमिकता देकर लैंडिंग कराई गई।

## थप्पड़ मारने पर किया था आइसक्रीम वाले का मर्डर

■ **विस, नई दिल्ली :** आइसक्रीम वाले ने नाबालिग को थप्पड़ मारा। अगले दिन नाबालिग ने दोस्तों के साथ आइसक्रीम वाले की हत्या कर दी। भजनपुरा पुलिस ने तीनों को पकड़ लिया, सभी नाबालिग निकले। एक पर लूट का केस भी है। आरोपियों ने बताया कि आइसक्रीम वाला तंज कसता और धमकाता था। इसलिए उसकी हत्या कर दी। इनसे दो गुप्ती बरामद कर ली गई हैं।




**भजनपुरा पुलिस ने 3 नाबालिगों को पकड़ा, दो गुप्ती भी बरामद**

अडिशनल डीसीपी (नॉर्थ ईस्ट) देवेश कुमार महाला ने बताया कि 14 अप्रैल की रात करीब 1:34 बजे सुभाष विहार पानी की टंकी के पास एक युवक पर धारदार हथियार से हमला करने की कॉल मिली। पुलिस मौके पर गई तो सुभाष विहार के मदरसे वाली गली के तमकीन (45) के जख्मी होने का पता चला। जीटीबी अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत करार दिया। तमकीन सुबह आइसक्रीम और शाम को सब्जी बेचते थे। पूछताछ में 3 लड़कों के हमला करने की बात पता चली। इंस्पेक्टर सुरेंद्र शर्मा, एसआई पंकज कुमार और राहुल की टीम ने ने तफ्तीश शुरू की। कई एंगल से जांच करने के बाद 15 अप्रैल की रात तीनों को नूर-ए-इलाही स्थित पठान फूड्स के पास से पकड़ लिया गया। नूर-ए-इलाही में रहने वाले आरोपी की उम्र 16 साल, सुभाष विहार के आरोपी की उम्र 15 साल 8 महीने और सुभाष मोहल्ला निवासी आरोपी की आयु 16 साल 5 महीने निकली।


TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad | Logon to: ads.timesgroup.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

*Remembering*
*UNESCO Goodwill Ambassador*
**Madanjeet Singh**
*(April 16, 1924- January 6, 2013)*
*On his*
*98th Birth Anniversary*



*South Asia Foundation fondly remembers the visionary UNESCO Goodwill Ambassador Madanjeet Singh, author, diplomat, painter, photographer and philanthropist, who dedicated his life to the principle of regional cooperation among the countries of South Asia.* ***He is the first Indian in the history of UNESCO to be nominated UNESCO Good will Ambassador.***

*The South Asia Foundation pays tribute to the memory of its Founder and dedicates itself to achieving his vision for the Region.*

*"I do believe that history is not merely a series of accidents. It is a never-ending struggle between the reactionary, divisive warmongers and the people striving to realize their dream to live peacefully in cooperation with each other in a society where men and women love reason, despise hatred and violence."*
***- Ambassador Madanjeet Singh***

*South Asia Foundation-India*
*A-33 Vasant Marg, Vasant Vihar, New Delhi - 110057, India*
*Ph: +91 11 26153721-24 Email: saf@safmail.org*
*Website: https://www.southasiafoundation.org*

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
|---|---|
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

Rates effective 5th June 2019

▸ *Placement on specified obit pages only. ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) Includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours.
Colleagues. With all those whose lives
the departed Soul has touched. Because while life goes on,
when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
|---|---|
| The Times of India Delhi/NCR | 5,600 |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 8,800 |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | 6,600 |

Maximum 10 lines

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

To place an Obituary announcement or Remembrance ad
Call Vinod : 9958992088 & Pankaj : 8130604727


'Be not afraid, only believe.'
-Thus Spake Christ


## 'सच्चे मन से माता पिता की सेवा करो'

■ **नप्र, नई दिल्ली:** स्वामी बोधगिरि आश्रम शिव मंदिर बेरी बाग, सुभाष नगर में सत्संग के समय पंडित छविराम शर्मा ने कहा कि जो सच्चे मन से माता-पिता की सेवा करते हैं, सभी तीर्थ उनके घर में वास करते हैं।

### इंद्रध्वज महामंडल विधान

■ **नप्र, नई दिल्ली:** श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन ध्यान तीर्थ, वसंतकुंज में आचार्य श्री आनंदसागरजी मौनप्रिय ने इंद्रध्वज महामंडल विधान संपन्न कराया। यहां महावीर जयंती भी भक्तिभाव से मनाई गई।

### महामस्तकाभिषेक

■ **नप्र, नई दिल्ली:** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, छोटा बाजार शाहदरा में पंचकल्याणक की छठी वर्षगांठ पर जिनेंद्र भगवान का महामस्तकाभिषेक संपन्न।

## मैनेजमेंट कमिटी के साथ मिल शिक्षा मॉडल को बनाया सफल : सिसोदिया

■ **विस, नई दिल्ली :** दिल्ली सरकार ने सरकारी स्कूलों में सुधार के लिए स्कूल मैनेजमेंट कमिटी (एसएमसी) के साथ मिलकर कई महत्वपूर्ण प्रयोग किए हैं। नए शैक्षणिक सत्र में कमिटी की कार्य प्रणाली को और बेहतर करने और सदस्यों को प्रोत्साहित करने के लिए उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शुक्रवार को एसएमसी के डिस्ट्रिक्ट और विधानसभा स्तर के सदस्यों के साथ बैठक की।





बैठक में दिल्ली विधानसभा एजुकेशन स्टैंडिंग कमिटी की अध्यक्ष आतिशी और शिक्षा निदेशक के प्रधान सलाहकार शैलेंद्र शर्मा भी मौजूद रहे। इस मौके पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि दिल्ली की शिक्षा क्रांति के 4 स्तंभ हैं, इसमें ईमानदारी, शिक्षा को लेकर क्लियर विजन, शिक्षा बजट और शानदार स्कूल मैनेजमेंट कमिटी मॉडल शामिल है। सरकार ने एसएमसी के साथ मिलकर शिक्षा मॉडल को सफल बनाया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आज दिल्ली का स्कूल मैनेजमेंट कमिटी मॉडल जितना सफल है, उतना कोई और नहीं है।

आप विधायक आतिशी ने कहा कि आज देश में हर राज्य में स्कूल मैनेजमेंट कमिटी का प्रावधान है, लेकिन वह केवल कागजों तक सीमित है। दिल्ली में ऐसा नहीं है। दिल्ली की स्कूल मैनेजमेंट कमिटी ने जमीनी स्तर पर काम कर यहां की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने का काम किया है। शिक्षा निदेशक के प्रधान सलाहकार शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि दिल्ली की स्कूल मैनेजमेंट कमिटी अपने नाम नहीं, बल्कि अपने काम से जानी जाती है। उन्होंने कहा कि जैसे मिशन बुनियाद स्कूलों में बच्चों के दिल्ली के 1000 से अधिक सरकारी स्कूलों में स्कूल मैनेजमेंट कमिटी के 16,000 से अधिक सक्रिय सदस्य हैं और 18,000 से अधिक सक्रिय स्कूल मित्र हैं।

## AIIMS में आज से पार्किंसन मरीजों के लिए स्पेशल क्लीनिक की शुरुआत

■ **विस, नई दिल्ली :** पार्किंसन के मरीजों के लिए एम्स में अब डी-ब्रेन स्टिमुलेशन (DBS) क्लिनिक खोला जा रहा है। 16 अप्रैल, शनिवार को इस क्लीनिक को लॉन्च किया जाएगा। हफ्ते में एक दिन यह स्पेशल क्लीनिक चलेगी। जिन मरीजों का पार्किंसन दवाइयों से कंट्रोल नहीं होगा, उन मरीजों के लिए डीबीएस इस्तेमाल होता है। एम्स में पार्किंसन का इलाज डॉक्टर अचल श्रीवास्तव की अगुवाई में किया जा रहा है।

**हर शनिवार को यह क्लीनिक सुबह 9 से 12 बजे तक खुलेगी**

डीबीएस क्लीनिक टीम की मेंबर डॉक्टर रूपा रंजन ने बताया कि पार्किंसन न्यूरो से संबंधित एक ऐसी बीमारी है, जिसमें धीरे धीरे सेल की संख्या कम होने लगती है। मरीज में कंपन, चलने में दिक्कत, उन्हें मूवमेंट में परेशानी होती है। 8 से 10 साल के बाद लगभग 70 से 80 पर्सेंट में दवा का असर कम हो जाता है। इसके लिए डीबीएस लॉन्च हुआ। दिल में पेसमेकर के जरिए उसके करंट को कंट्रोल किया जाता है, ठीक उसी प्रकार ब्रेन के मूवमेंट को इसके जरिए कंट्रोल किया जाता है। हार्ट में जहां पेसमेकर लगाया जाता है, वहीं यह पेसमेकर भी लगाया जाता है, लेकिन इसे ब्रेन के साथ कनेक्ट कर दिया जाता है।

## दिल्ली सरकार मुफ्त में दिलाए बूस्टर डोज : कांग्रेस

■ **विस, नई दिल्ली :** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली में कोविड के बढ़ते मामलों को देखते हुए दिल्ली सरकार को आरटी-पीसीआर टेस्ट बढ़ाने चाहिए और बूस्टर डोज अभियान में तेजी लानी चाहिए, क्योंकि फिर से स्कूलों को बंद करने से या लॉकलाडन लगाने से महामारी को फैलने से पूरी तरह से रोका नहीं जा सकता है। अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस ने मांग की थी कि निजी अस्पतालों के साथ गठजोड़ कर सभी योग्य व्यक्तियों को बूस्टर खुराक मुफ्त दी जानी चाहिए। स्कूलों में ऑफलाइन कक्षाओं के फिर से शुरू होने से छात्र और अभिभावक खुश हैं क्योंकि ऑनलाइन से न केवल छात्रों को मानसिक परेशानी हुई है, बल्कि गरीब बच्चे सुविधाओं की कमी के कारण ऑनलाइन पढ़ नहीं पाए।

# येशु के बलिदान को याद कर आंखें हुईं नम

## दिल्ली के तमाम गिरजाघरों में गुड फ्राइडे पर हुई विशेष प्रार्थना

Naveen.Tirkey@timesgroup.com

PTI



सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल में 'क्रूस का रास्ता' में श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा

■ **नई दिल्ली :** ईश्वर ने संसार से इतना प्यार किया कि उसने अपने इकलौते पुत्र को अर्पित कर दिया, जिससे कि जो उसमें विश्वास करता है, उसका सर्वनाश न हो, बल्कि अनंत जीवन प्राप्त करे। बाइबल के ये वचन इसी बात की गवाही देते हैं कि प्रभु येशु ने हम मनुष्यों के लिए खुशी-खुशी अपने प्राण न्योछावर कर दिए।

गुड फ्राइडे के दिन शुक्रवार को दिल्ली के तमाम गिरजाघरों में प्रभु येशु के बलिदान को याद किया गया। इस दिन धर्म को मानने वाले उपवास रखते हैं और विनती प्रार्थना में खुद को लीन रखते हैं। 2 हजार साल पहले जिस तरह येशु को सूली पर चढ़ाया गया था, उसी दर्द को याद करके इस दिन सभी बुरी चीजों का त्याग कर एक बेहतर इंसान बनने की सीख मिलती है, ताकि येशु के दिए प्रेम, क्षमा और मानवता के संदेश को हम अपने जीवन में अपना सकें। सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल में मलयालम, इंग्लिश और हिंदी में में 'क्रूस का रास्ता' हुआ। आर्चबिशप अनिल जे. कुट्टो ने प्रार्थना कराई।

NBT कम्युनिटी कनेक्ट

**संडे को मनाया जाएगा ईस्टर :** गुड फ्राइडे के तीसरे दिन ईस्टर मनाया जाएगा। इसी दिन येशु अपनी क्रब में से जी उठे थे।

### क्या है क्रूस का रास्ता

'क्रूस का रास्ता' प्रभु येशु को मृत्युदंड दिए जाने के बाद से लेकर क्रूस पर चढ़ाए जाने तक के दौरान की महत्वपूर्ण 14 घटनाओं का वर्णन होता है। मृत्युदंड मिलने के बाद येशु को कांटों का मुकुट पहनाया गया था, उनके कंधों पर भारी क्रूस लादकर कोड़ों से मारते हुए कलवारी पहाड़ी पर ले जाकर उन्हें क्रूस पर चढ़ाया गया था। येशु ने उन सैनिकों को भी माफ कर दिया था, जिन्होंने उन्हें क्रूस पर चढ़ाया था। मरने से पहले उन्होंने सिर आकाश की ओर उठाकर कहा था 'हे पिता इन लोगों को माफ कर देना, ये नहीं जानते कि ये क्या कर रहे हैं'।